# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 16 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल-पंचमी
विक्रम संवत-2083


**PAGE NO. 8: MIDDLE**

## इंजीनियर दिवस पर पूर्व विद्यार्थियों को किया सम्मानित




बरेली (ब्यूरो)। भारत रत्न इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया के 166वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्रीराम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूशन्स में इंजीनियर दिवस मनाया गया। इसमें बीटेक आईटी 2023 बैच के मो. हसन खान और बीटेक सीएसई 2023 बैच की इशिता शुक्ला को बेस्ट इंजीनियर पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इफको आंवला इकाई के सीनियर जनरल मैनेजर (नैनो फर्टिलाइजर प्लांट) मुकेश खेतान और एसआरएमएस ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मुकेश खेतान ने ई. विश्वेश्वरैया की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एसआरएमएस इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूशन के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ. अनुज कुमार, वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह, डायरेक्टर फार्मेसी डॉ. अमित कुमार शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. सौरभ गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर, ई. विवेक यादव, पलक दीप कौर, कुणाल गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।


# अमृत विचार

| बरेली | बुधवार, 16 सितंबर 2026,


**PAGE NO. 6: MIDDLE**

## मो. हसन और इशिता शुक्ला को मिला बेस्ट इंजीनियर पुरस्कार



श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूशन्स में इंजीनियर्स दिवस मनाया गया।

**बरेली, अमृत विचार :** भारत रत्न इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस पर श्रीराम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूशन्स में इंजीनियर्स दिवस मनाया गया। इसमें बीटेक आईटी 2023 बैच के मो. हसन खान और बीटेक सीएसई 2023 बैच की इशिता शुक्ला को बेस्ट इंजीनियर का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि इफको आंवला इकाई के सीनियर जनरल मैनेजर (नैनो फर्टिलाइजर प्लांट) मुकेश खेतान और एसआरएमएस ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने सर्टिफिकेट प्रदान किए। डीन एकेडमिक्स डा. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट डा. अनुज कुमार, वाइस प्रिंसिपल डा. ऋतु सिंह, डायरेक्टर फार्मेसी डा. अमित कुमार शर्मा, डीएसडब्ल्यू डा. सौरभ गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर, ई. विवेक यादव एवं महाविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित रहे।